सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 1014 व प्रोग्रामर परीक्षा 352 पदों के लिए होगी

# राजस्थान लोक सेवा आयोग 2820 पदों के लिए अक्टूबर 2025 तक 21 परीक्षाएं लेगा

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग इस माह की 25 तारीख से लेकर अगले साल 12 अक्टूबर 2025 तक कुल 21 परीक्षाएं आयोजित कराएगा। यह परीक्षाएं विभिन्न विभागों में कुल 2820 पदों के लिए ली जाएंगी।

पिछले चार साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो आयोग ने इस दौरान 175 परीक्षाओं का आयोजन किया था। इनमें कुल 37669 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आने वाली भर्ती परीक्षाओं में सहायक अभियोजन अधिकारी के 181 पदों के लिए प्री और मैन्स परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। पिछले चार साल में सबसे ज्यादा 2023-24 में 19901 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसके बाद 2020-21 में 12193 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। सबसे कम 2022-23 में 1480 अभ्यर्थियों का चयन आयोग द्वारा किया गया। ये सब आंकड़ा भास्कर के एनालिसिस में सामने आया।

## चार साल में 248 परीक्षाएं हुईं

| सत्र | परीक्षाएं | चयन |
|---|---|---|
| 2020-21 | 73 | 12193 |
| 2021-22 | 49 | 4095 |
| 2022-23 | 100 | 1480 |
| 2023-24 | 26 | 19901 |
| कुल | 248 | 37669 |

## 25 अगस्त 2024 से 12 अक्टूबर 2025 तक इन पदों के लिए परीक्षाएं होंगी

| परीक्षा | पद | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|
| सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा कृषि | 14 | 25 अगस्त 2024 |
| सहायक आचार्य प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 200 | 8 से 12 सितंबर<br>14 और 15 सितंबर 2024 |
| प्रोग्रामर प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 352 | 27 अक्टूबर 2024 |
| प्राध्यापक-विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 102 | 17 से 21 नवंबर |
| वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 347 | 28 से 31 दिसंबर 2024 |
| सहायक अभियोजन अधिकारी प्री 2024 | 181 | 19 जनवरी 2025 |
| पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड II 2024 | 300 | 16 फरवरी 2025 |
| जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा 2024 | 06 | 23 मार्च 2025 |
| कृषि अधिकारी परीक्षा 2024 | 25 | 24 अप्रैल 2025 |
| शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक पुस्तकालयाध्यक्ष परीक्षा | 40 | 4 मई से 6 मई 2025 |
| सहायक अभियोजन अधिकारी मैन्स | -- | 1 जून 2025 |
| कनिष्ठ रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 01 | 25 जून 2025 |
| सहायक परीक्षण अधिकारी संवीक्षा परीक्षा 2024 | 04 | 26 जून 2025 |
| सहायक निदेशक प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 09 | 27 जून 2025 |
| उपकारागार प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 73 | 13 जुलाई 2025 |
| उपाचार्य/अधीक्षक परीक्षा-2024 | 36 | 30 जुलाई 2025 |
| एनालिस्ट कम प्रोग्रामर उपनिदेशक परीक्षा 2024 | 45 | 17 अगस्त 2025 |
| भूवैज्ञानिक-सहायक खनि अभियंता परीक्षा 2024 | 24 | 21 अगस्त 2025 |
| संरक्षण अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 04 | 7 सितंबर 2025 |
| सहा. अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा | 1014 | 28 सितंबर 2025 |
| सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा 2024 | 43 | 12 अक्टूबर 2025 |

पीटीईटी • काउंसलिंग से पहले मिलेगा त्रुटि सुधार का मौका, ऑनलाइन विकल्प 19 अगस्त से

## बीएड कॉलेजों में 20 हजार सीटें रिक्त, सेकंड काउंसलिंग 18 से, वंचितों को मिलेगा मौका

एजुकेशन रिपोर्टर | बीकानेर

राज्य के 942 बीएड कॉलेज में प्रथम काउंसलिंग के बाद भी 20 हजार सीटें रिक्त हैं। रिक्त सीटों में दो वर्षीय बीएड कोर्स की 12 हजार, बीए-बीएड की दो हजार और बीएससी -बीएड की 6 हजार सीटें रिक्त हैं। रिक्त सीटों को बढ़ाने के लिए नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने सेकंड काउंसलिंग का शेड्यूल घोषित कर दिया है। हालांकि सेकंड काउंसलिंग में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा अधिक रहेगी। नोबल एजेंसी ने रिक्त सीटों को भरने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया फिर से शुरू की है। पीटीईटी परीक्षा में शामिल हुए जो विद्यार्थी बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सके थे उन्हें 18 अगस्त से 19 अगस्त तक फिर मौका दिया गया है। पांच हजार रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क ऑनलाइन जमा कराकर यह अभ्यर्थी सेकंड काउंसलिंग में शामिल हो सकेंगे। हालांकि काउंसलिंग से पहले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में रही त्रुटियों को सुधारने का अवसर भी दिया जाएगा। 500 शुल्क देकर अभ्यर्थी 14 से 15 अगस्त तक अभ्यर्थी केवल अपनी श्रेणी में सुधार कर सकेंगे। कॉलेज चयन के लिए ऑनलाइन विकल्प 19 से 22 अगस्त तक भरना होगा। आवंटित कॉलेज की सूचना 25 अगस्त को जारी की जाएगी।

### कॉलेजों में रिक्त सीटों की संख्या 19 अगस्त को होगी अपलोड



नोडल एजेंसी में इस बार पीटीईटी परीक्षा में नवाचार किया है। राज्य के बीएड कॉलेजों में रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाएगी। महाविद्यालय अनुसार रिक्त सीटों की संख्या पीटीईटी - 2024 की वेबसाइट पर 19 अगस्त को अपलोड की जाएगी। द्वितीय काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को नए महाविद्यालय का विकल्प भरना अनिवार्य होगा।

### इधर, प्री- डीएलएड में अपवर्ड मूवमेंट 14 अगस्त से शुरू

राज्य के डीएलएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए 22,700 अभ्यर्थियों ने फीस जमा कराई है। इन अभ्यर्थियों को 14 अगस्त तक संबंधित कॉलेज में रिपोर्टिंग करनी होगी। अपवर्ड मूवमेंट के आवेदन 14 अगस्त से शुरू होंगे। अपवर्ड मूवमेंट के लिए पोर्टल 16 अगस्त तक खुला रहेगा।

*बीएड कॉलेजों की रिक्त सीटों पर सेकंड काउंसलिंग का शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया था उन्हें भी सेकंड काउंसलिंग में अवसर दिया गया है। -* **डॉ.आलोक चौहान,** *समन्वय, पीटीईटी*

## यूजीसी नेट परीक्षा 21 अगस्त से, तीन दिन की सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी

बीकानेर| नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से यूजीसी नेट 2024 के पूर्व में निरस्त की गई परीक्षा अब दोबारा से 21 अगस्त से ऑनलाइन होंगी। जिसके लिए सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दी गई है। एनटीए ने अब तक केवल तीन दिन में दोनों पारियों में होने वाली परीक्षा के लिए ही सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी की है।

यूजीसी नेट परीक्षा 21 अगस्त से होगी। एनटीए ने 21, 22 व 23 को होने वाले एग्जाम की सिटी इंटीमेशन स्लिप जारी कर दी है। अभ्यर्थी अपना एप्लीकेशन नंबर और डेट ऑफ बर्थ की डिटेल भरकर स्लिप डाउनलोड कर सकेंगे। इस बार विवि और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता, जेआरएफ के साथ ही पीएचडी प्रवेश के लिए भी नेट करवाई जा रही है। यूजीसी-नेट हर साल दो बार (जून और दिसंबर) आयोजित की जाती है।

## एमसीसी: नीट यूजी की स्टेट काउंसलिंग का शेड्यूल जारी

### राज्य अपने स्तर पर तय करेंगे ज्वाइनिंग की तारीख

बीकानेर | नीट यूजी-2024 की सेंट्रल काउंसलिंग बुधवार से शुरू हो जाएगी। पहले राउंड की काउंसलिंग प्रक्रिया 23 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान अपनी चॉइस भर सकेंगे और इसी अवधि के दौरान पहले राउंड का रिजल्ट जारी हो जाएगा। पहले राउंड में जिन छात्रों को सीट अलॉट होगी, उन्हें 29 अगस्त तक संबंधित कॉलेज में ज्वाइनिंग देनी होगी। इस बीच मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने भी स्टेट काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। पहले राउंड की काउंसलिंग 21 से 29 अगस्त, दूसरे राउंड की 11 से 20 सितंबर और तीसरे राउंड की काउंसलिंग तीन से 12 अक्टूबर तक चलेगी। एमसीसी ने यह स्पष्ट किया है कि काउंसलिंग के दौरान आने वाले शनिवार और रविवार पर भी बतौर वर्किंग डे काम में लिया जाए। वहीं काउंसलिंग के प्रत्येक राउंड के बाद स्टेट के काउंसलिंग बोर्ड को छात्रों का डेटा एमसीसी ने साझा करना होगा। स्टेट काउंसलिंग के तहत 30 अक्टूबर तक अंतिम राउंड में आवंटित होने वाले कॉलेजों में छात्रों को रिपोर्ट करना होगा। एमसीसी की वेबसाइट पर काउंसलिंग शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

## आरपीएससी: एप्लाइड आर्ट के 19 सफल रहे अभ्यर्थियों की सूची हुई जारी

बीकानेर| आरपीएससी ने सहायक आचार्य पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक प्रतियोगी परीक्षा 2023 के एप्लाइड आर्ट विषय में इंटरव्यू के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की।

इस विषय के 19 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए पूरी तरह से अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। इस विषय के प्रश्न पत्र प्रथम और द्वितीय की परीक्षाओं का आयोजन 23 मई 2024 और प्रश्न पत्र तृतीय की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी 2024 को किया गया था। इंटरव्यू के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करें। आवेदन पत्र को पूरी तरह से भरकर सभी शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक, जाति और अन्य वांछित प्रमाण पत्रों की फोटो प्रति के साथ 28 अगस्त शाम 6 बजे तक आयोग भेज दें।।

## आरबीएसई: नकल करने वाले छात्रों की परीक्षा निरस्त

बीकानेर| राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ष 2024 की परीक्षाओं में नकल करने वाले स्टूडेंट्स के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न परीक्षार्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त कर दी गई है। बोर्ड परीक्षा 2024 के दौरान प्रदेश के विभिन्न केंद्र अधीक्षकों ने परीक्षा कक्ष में परीक्षा के दौरान नकल सामग्री लाने और अपने स्थान पर किसी अन्य परीक्षार्थियों को प्रवेश देने के लिए भेजने संबंधी अनुचित साधन के प्रकरण प्राप्त हुए थे। इन प्रकरणों पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई। उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 के पांच परीक्षार्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त की गई है। चार परीक्षार्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त कर वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया है। इसी तरह से पांच परीक्षार्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त कर उन्हें वर्ष 2026 तक की बोर्ड परीक्षा में बैठने से वंचित किया गया है।

## खेलकूद प्रतियोगिता और फर्स्ट टेस्ट की तिथियों में अब नहीं रहेगा टकराव

बीकानेर| खेलकूद प्रतियोगिता और प्रथम परख की तिथियों में अब टकराव नहीं रहेगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने 68वीं जिला एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की तिथियों में बदलाव किया है। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं अब 31 अगस्त से शुरू होंगी। जबकि पूर्व में प्रथम समूह की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 20 अगस्त से 24 अगस्त तक आयोजित की जानी थी। वहीं स्कूल स्तर पर प्रथम परख की परीक्षाएं 21 से 23 अगस्त को आयोजित की जानी हैं। शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने शिक्षा निदेशक को तिथियों में संशोधन के संबंध में ज्ञापन दिया था

## 9वीं से 12वीं में प्रवेश की अंतिम तिथि कल

बीकानेर| नए शिक्षा सत्र 2024-25 के तहत 9वीं से 12वीं कक्षा में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अगस्त निर्धारित है। जिन अभ्यर्थियों ने अब तक प्रवेश नहीं लिया है उनके पास दो दिन का समय शेष है। पूर्व में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी। जिसे बाद में 15 अगस्त तक बढ़ाया गया था। वहीं कक्षा एक से आठवीं कक्षा तक के प्रवेश पूरे साल जारी रहेंगे।

## शिक्षक भर्ती : 11 अभ्यर्थियों के नियुक्ति के आदेश निरस्त

बीकानेर| निर्धारित तिथि तक पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण नहीं करने पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने 11 चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए हैं। दरअसल, राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से प्राध्यापक स्कूल शिक्षा भर्ती परीक्षा - 2022 में हिंदी विषय के चयनित अभ्यर्थियों के पद स्थापन आदेश जारी किए गए थे।

लेकिन इन 11 चयनित अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि तक कार्यग्रहण नहीं किया। ऐसे में इनके नियुक्ति आदेश निरस्त किए गए है।

दैनिक भास्कर
सीकर भास्कर 14-08-2024

एसके मेडिकल कॉलेज में 35 सीट सरकारी कोटे की, 15 पर ऑल इंडिया कोटे से होंगे प्रवेश

# नीट-यूजी काउंसलिंग आज से; 652+ अंक पर मिल सकती है सरकारी कॉलेज में सीट

भास्कर संवाददाता | सीकर

नीट यूजी की काउंसलिंग बुधवार से शुरू होगी। एनएमसी ने इसका नोटिस जारी कर दिया है। काउंसलिंग के जरिए देश के 710 मेडिकल कॉलेज में 1.10 लाख से ज्यादा सीट भरी जाएंगी। ये काउंसलिंग तीन राउंड की होगी। इसके बाद भी सीटें खाली रहीं तो उन्हें भरने के लिए काउंसलिंग का चौथा राउंड होगा।

प्रदेश में राजमेस द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों में 15% एडमिशन ऑल इंडिया कोटे, 35% सरकारी कोटे, 35% मैनेजमेंट कोटे और 15% एनआरआई कोटे से होते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक नीट में 652 से ज्यादा स्कोर करने वाले जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स को एसके मेडिकल कॉलेज में सरकारी सीट मिलने की संभावना है। ओबीसी स्टूडेंट की सरकारी सीट के लिए कटऑफ 650 के आसपास रहने की उम्मीद है। वहीं एससी वर्ग में जिन स्टूडेंट्स को 550 से अधिक अंक मिले हैं, उन्हें सरकारी सीट मिल सकती है। एसटी वर्ग में ये आंकड़ा 500 अंक तक आ सकता है। वहीं मैनेजमेंट सीट की बात करें तो जनरल व ओबीसी कैटेगिरी के 630 अंक तक वाले स्टूडेंट को मैनेजमेंट सीट मिल सकती है। एससी में ये कटऑफ 450 और एसटी में 350 तक रहने की संभावना है।

काउंसलिंग के लिए 10th व 12th की मार्कशीट और प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, स्कैन किए हुए हस्ताक्षर, ट्रांसफर सर्टिफिकेट और दिव्यांग प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) की जरूरत पड़ेगी।

## एनएमसी ने एसके में 100 सीट पर एडमिशन की मंजूरी दी

एनएमसी ने एसके मेडिकल कॉलेज में 100 सीटों पर एडमिशन की परमिशन दी है। गौरतलब है एनएमसी ने 3 मई को वर्चुअल मीटिंग कर फैकल्टी की कमी, जरूरी जांच व्यवस्था व अन्य खामियों के चलते कॉलेज पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। दो माह में व्यवस्था ठीक नहीं करने पर सीटें घटाने की चेतावनी दी थी। अंडरटेकिंग देने पर एनएमसी ने 100 सीट पर एडमिशन की परमिशन दी है

नीट यूजी काउंसलिंग के जरिए इस बार एसके मेडिकल कॉलेज में पांचवां बैच आएगा। 2020 में पहला बैच आया था, जो फरवरी 2025 में पास आउट होकर निकलेगा। इस बार कॉलेज में 500 स्टूडेंट्स एक साथ पढ़ेंगे। मेडिकल कॉलेज में पीजी कोर्स शुरू करने के प्रयास शुरू होंगे।

**...लेकिन कॉलेज में ना टीचिंग फैकल्टी आई, ना बायोप्सी व फाइबर ऑप्टिक ब्रॉन्को जांच की सुविधा है** : एनएमसी ने एसके मेडिकल कॉलेज में 100 सीटों पर एडमिशन की परमिशन दी है। कॉलेज में टीचिंग फैकल्टी की समस्या जस की तस बनी हुई। प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, ट्यूटर और सीनियर रेजीडेंट के पद खाली हैं। मेडिकल कॉलेज में एक भी डिपार्टमेंट ऐसा नहीं है जिसमें सभी पद भरे हुए हों।

रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में तो प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर का कोई पद आज तक नहीं भरा गया। फार्माकोलॉजी डिपार्टमेंट में 7 में से एक, एनॉटामी में 3 व गायनिक डिपार्टमेंट में 4 फैकल्टी हैं। कॉलेज में मेडिकल एजुकेशन यूनिट तक शुरू नहीं हो पाई है। ना बायोप्सी व फाइबर ऑप्टिक ब्रॉन्को जांच की सुविधाएं कॉलेज प्रशासन जुटा पाया है। स्टूडेंट्स की ट्रेनिंग के लिए कैडेवर (डैड बॉडी) के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं है। कॉलेज को 10 कैडेवर की जरूरत है लेकिन फिलहाल यहां सात ही उपलब्ध हैं।

*नीट यूजी काउंसलिंग बुधवार से शुरू हो रही है। एसके मेडिकल कॉलेज में 100 सीटों पर एडमिशन होंगे। एनएनसी को जिन सुविधाओं पर आपत्ति थी, उसकी अंडरटेकिंग दी है। राजमेस को भी लिखा जा चुका है।*

**डॉ. शिवरतन कोचर, प्रिंसिपल**

# युवा-शिक्षा-अवसर

**भास्कर ब्रेकिंग** • राज्यपाल सचिवालय ने नई विज्ञप्ति जारी करने के दिए निर्देश

## अंबेडकर विधि विवि: टीचिंग के 40 व नॉन टीचिंग के 54 पदों की भर्ती निरस्त

**नए सिरे से होंगे रिक्रूटमेंट**

सुरेन्द्र स्वामी | जयपुर




राजस्थान स्वास्थ्य विभाग विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) के बाद अब डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय की भर्तियों को निरस्त कर दी है। अब अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय में टीचिंग के कुल 40 पदों और नॉन टीचिंग के 54 पदों की भर्ती नए सिरे से होगी। राज्यपाल सचिव की ओर से विधि विवि के कुलपति को स्वीकृत पदों पर नियुक्ति के संबंध में पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति को निरस्त कर नए सिरे से भर्ती करने का निर्देश दिया है। इस भर्ती का पैटर्न, सिलेबस का निर्णय एकेडमिक और बॉम की मीटिंग में होना प्रस्तावित है। इन पदों पर भर्ती होने के बाद यूनिवर्सिटी खुद का संघटक कॉलेज खोलने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया को आवेदन कर सकेगा। उधर, विवि अगले माह तक अपने नए कैंपस में शिफ्ट हो जाएगा। खुद का भवन मिलने से परीक्षा आयोजित करवाना आसान होगा, मूट कोर्ट, कंप्यूटर लैब, स्केनिंग रूम और सेमिनार हॉल की सुविधा मिल सकेगी। नए कैंपस में कक्षाएं संचालित होने के साथ ही एलएलबी, एलएलएम और पीजी डिप्लोमा में प्रवेश के लिए टेस्ट आयोजित किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की स्थापना 2019 में की गई थी। इससे संबद्धता प्राप्त संस्थान 85 से ज्यादा है।

### विवि में किसके कितने पद स्वीकृत

विधि विश्वविद्यालय में स्वीकृत टीचिंग (प्रोफेसर के पांच, एसोसिएट के दस और असिस्टेंट प्रोफेसर के 25 पद) है। असिस्टेंट प्रोफेसर के 25 पदों के लिए टेस्ट हो चुका था। लेकिन परिणाम ही जारी नहीं किया गया। जबकि नॉन टीचिंग के पदों का मामला कोर्ट में लंबित है। नॉन टीचिंग में डिप्टी रजिस्ट्रार (2), असिस्टेंट रजिस्ट्रार (4), सेक्शन ऑफिसर (5), वरिष्ठ लिपिक ( 5), कनिष्ठ सहायक ( 15), चतुर्थ श्रेणी लिपिक ( 15), असिस्टेंट लाइब्रेरियन (एक), सहायक विधि अधिकारी (एक), निजी सहायक (2), स्टेनोग्राफर (एक) और लाइब्रेरी असिस्टेंट (एक) पद स्वीकृत है।

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय भी 15 अगस्त को नए भवन में होगा शिफ्ट

उधर, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि 15 अगस्त से नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा। अजमेर रोड़ स्थित दहमीकला में करोड़ों की लागत का भवन बन चुका है। राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने भी नए भवन में शिफ्ट करने के लिए कहा है। जिससे न केवल पत्रकारिता की पढ़ाई करने वालों को किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

*टीचिंग के 40 और नॉन टीचिंग के स्वीकृत 53 पदों पर पुरानी भर्ती पर निरस्त करते हुए नए सिरे से प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश मिला है। पदों की भर्ती के मामले को मीटिंग में रखा जाएगा।*
*-प्रो. निष्ठा जसवाल, कुलपति, विधि विवि*

## एमसीसी: नीट यूजी की स्टेट काउंसलिंग का शेड्यूल जारी

**राज्य अपने स्तर पर तय करेंगे ज्वाइनिंग की तारीख**

जयपुर | नीट यूजी-2024 की सेंट्रल काउंसलिंग बुधवार से शुरू हो जाएगी। पहले राउंड की काउंसलिंग प्रक्रिया 23 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान अपनी चॉइस भर सकेंगे और इसी अवधि के दौरान पहले राउंड का रिजल्ट जारी हो जाएगा। पहले राउंड में जिन छात्रों को सीट अलॉट होगी, उन्हें 29 अगस्त तक संबंधित कॉलेज में ज्वाइनिंग देनी होगी। इस बीच मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने भी स्टेट काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। पहले राउंड की काउंसलिंग 21 से 29 अगस्त, दूसरे राउंड की 11 से 20 सितंबर और तीसरे राउंड की काउंसलिंग तीन से 12 अक्टूबर तक चलेगी। एमसीसी ने यह स्पष्ट किया है कि काउंसलिंग के दौरान आने वाले शनिवार और रविवार पर भी बतौर वर्किंग डे काम में लिया जाए। वहीं काउंसलिंग के प्रत्येक राउंड के बाद स्टेट के काउंसलिंग बोर्ड को छात्रों का डेटा एमसीसी ने साझा करना होगा। स्टेट काउंसलिंग के तहत 30 अक्टूबर तक अंतिम राउंड में आवंटित होने वाले कॉलेजों में छात्रों को रिपोर्ट करना होगा। एमसीसी की वेबसाइट पर काउंसलिंग शेड्यूल जारी कर दिया गया है। सेंट्रल काउंसलिंग में भाग लेने वाले छात्रों को सीट मीट्रिक्स और काउंसलिंग ब्रोशर का इंतजार है।

## पोस्ट बेसिक बीएससी में 70 % व पैरामेडिकल में 66% उपस्थिति रही

जयपुर | आरयूएचएस की ओर से सत्र 2024-25 में पैरामेडिकल, बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी (बीपीटी) और पोस्ट बेसिक बी.एससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए मंगलवार को ऑनलाइन कंप्यूटर बेस्ड परीक्षा (सीबीटीई) आयोजित हुई। पैरामेडिकल में 66 फीसदी, बीपीटी में 74 फीसदी और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में 70 फीसदी उपस्थिति रही। पैरामेडिकल परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक 37 केन्द्रों, बीपीटी और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग परीक्षा 22 केन्द्रों पर 2 से 4 बजे तक आयोजित की गई । परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की किसी तरह की शिकायत नहीं मिली।

**कितने आवेदन और कितने परीक्षार्थी**

| कोर्स | आवेदन | उपस्थित |
|---|---|---|
| पैरामेडिकल | 9763 | 6508 |
| बीपीटी | 2348 | 1725 |
| PB.Bsc | 3305 | 2568 |

## आरपीएससी: एप्लाइड आर्ट के 19 सफल रहे अभ्यर्थियों की सूची हुई जारी

जयपुर | आरपीएससी ने सहायक आचार्य पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक प्रतियोगी परीक्षा 2023 के एप्लाइड आर्ट विषय में इंटरव्यू के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की।

इस विषय के 19 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए पूरी तरह से अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। इस विषय के प्रश्न पत्र प्रथम और द्वितीय की परीक्षाओं का आयोजन 23 मई 2024 और प्रश्न पत्र तृतीय की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी 2024 को किया गया था। इंटरव्यू के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करें। आवेदन पत्र को पूरी तरह से भरकर सभी शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक, जाति और अन्य वांछित प्रमाण पत्रों की फोटो प्रति के साथ 28 अगस्त शाम 6 बजे तक आयोग भेज दें।।

## आरबीएसई: नकल करने वाले छात्रों की परीक्षा निरस्त

जयपुर | राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ष 2024 की परीक्षाओं में नकल करने वाले स्टूडेंट्स के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न परीक्षार्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त कर दी गई है। बोर्ड परीक्षा 2024 के दौरान प्रदेश के विभिन्न केंद्र अधीक्षकों ने परीक्षा कक्ष में परीक्षा के दौरान नकल सामग्री लाने और अपने स्थान पर किसी अन्य परीक्षार्थियों को प्रवेश देने के लिए भेजने संबंधी अनुचित साधन के प्रकरण प्राप्त हुए थे। इन प्रकरणों पर बोर्ड द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई। उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 के पांच परीक्षार्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त की गई है। चार परीक्षार्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त कर वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया है। इसी तरह से पांच परीक्षार्थियों की वर्तमान परीक्षा निरस्त कर उन्हें वर्ष 2026 तक की बोर्ड परीक्षा में बैठने से वंचित किया गया है।

## बीएड कॉलेजों में 20 हजार सीटें रिक्त, सेकंड काउंसलिंग 18 से

जयपुर | 942 बीएड कॉलेज में प्रथम काउंसलिंग के बाद भी 20 हजार सीटें रिक्त हैं। इनमें दो वर्षीय बीएड कोर्स की 12 हजार, बीए-बीएड की दो हजार और बीएससी -बीएड की 6 हजार सीटें रिक्त हैं। रिक्त सीटों कोभरने के लिए नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने सेकंड काउंसलिंग का शेड्यूल घोषित कर दिया है। हालांकि सेकंड काउंसलिंग में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा अधिक रहेगी। नोबल एजेंसी ने रिक्त सीटों को भरने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया फिर से शुरू की है। पीटीईटी परीक्षा में शामिल हुए जो विद्यार्थी बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सके थे उन्हें 18 अगस्त से 19 अगस्त तक फिर मौका दिया गया है।

## 11 शिक्षकों के नियुक्ति आदेश किए निरस्त

जयपुर। निर्धारित तिथि तक पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण नहीं करने पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने 11 चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए हैं। दरअसल, राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से प्राध्यापक स्कूल शिक्षा भर्ती परीक्षा - 2022 में हिंदी विषय के चयनित अभ्यर्थियों के आदेश जारी किए गए थे।

## सहा. सांख्यिकी अधिकारी और सहायक आचार्य भर्ती में पद बढ़े

जयपुर | आरपीएससी ने सहायक सांख्यिकी अधिकारी और सहायक आचार्य संस्कृत शिक्षा विभाग भर्ती 2024 में पद बढ़ने को लेकर शुद्धि पत्र जारी किया। सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 10 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन 12 जनवरी 2024 को जारी किया गया था। विभाग द्वारा इन पदों की संख्या बढ़ाने से अब कुल पदों की संख्या 14 हो गई है। संस्कृत शिक्षा विभाग में विभिन्न 15 विषयों के लिए सहायक आचार्य के कुल 200 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन 12 जनवरी 2024 को जारी किया गया था।

दैनिक भास्कर
अजमेर 14-08-2024

भास्कर खास • 10वीं के मुकाबले 12वीं में आवेदन ज्यादा, अंतिम तिथि 23 अगस्त

# आरबीएसई: 2025 की मुख्य परीक्षा के लिए अब तक 4.70 लाख स्टूडेंट्स ने किए आवेदन, 15 लाख बाकी

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2025 की मुख्य परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। अब तक प्रदेश भर से 4 लाख 70 हजार के आसपास आवेदन आ चुके हैं। खास बात यह है कि अब तक के प्राप्त आवेदनों में 10 वीं की तुलना में 12वीं कक्षा के परीक्षा फार्म भरने वालों की संख्या अधिक है। बोर्ड ने सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन के लिए 25 जुलाई से प्रक्रिया शुरू कर दी थी। 23 अगस्त तक आवेदन भरे जाएंगे। 15 अगस्त के बाद फार्म भरने में तेजी आएगी। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा के अनुसार 12वीं कक्षा में अब तक रेगुलर स्टूडेंट के 245427 आवेदन आए हैं। 262 विद्यार्थियों ने प्राइवेट स्टूडेंट्स के रूप में भी फार्म भरा है। 12वीं में साइंस,आर्ट्स और कॉमर्स तीनों ही संकायों के विद्यार्थी शामिल हैं। वरिष्ठ उपाध्याय की परीक्षा के लिए रेगुलर स्टूडेंट्स ने1198 फार्म अब तक भरे हैं। प्राइवेट में कोई भी आवेदन नहीं मिला है। उधर दसवीं कक्षा के लिए 2 लाख 21 हजार 97 रेगुलर परीक्षार्थियों ने आवेदन किए हैं। वहीं124 स्टूडेंट्स ने प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में फार्म भरा है। प्रवेशिका परीक्षा के लिए 1491 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस हिसाब से रेगुलर स्टूडेंट्स के चार लाख 69 हजार 613 और प्राइवेट स्टूडेंट्स के 386 आवेदन आ चुके हैं।

## 24 से एक अतिरिक्त शुल्क के साथ मौका

बोर्ड सचिव ने बताया कि सामान्य परीक्षा शुल्क यानी नियमित विद्यार्थियों के लिए 600 और स्वयंपाठी परीक्षार्थी के लिए 650 रुपए के हिसाब से 23 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। प्रायोगिक परीक्षा के लिए प्रति विषय एक सौ रुपए अलग से देना होगा। इसके बाद बोर्ड एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित 24 अगस्त से आवेदन भराएगा। इसकी अंतिम तिथि 7 सितंबर 2024 है।

## 2024 की परीक्षा में 20 लाख आवेदन आए थे

बोर्ड की वर्ष 2024 की 10वीं व 12वीं तथा समकक्ष परीक्षाओं में करीब 20 लाख स्टूडेंट्स बैठे थे। इस हिसाब से अभी करीब 15 लाख से अधिक स्टूडेंट्स कम हैं। बोर्ड भी मान कर चल रहा है कि पिछली परीक्षा के आसपास ही इस बार भी आवेदन आ सकते हैं।

दैनिक भास्कर कोटा 14-08-2024

### सबसे अधिक कोटा शहर में 134 और सबसे कम लाड़पुरा ब्लॉक में 52 पद खाली

# शिक्षामंत्री के गृह जिले में नए सत्र में भी नहीं भरे गए खाली पद, 716 स्कूलों में 454 शिक्षक कम

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

शिक्षामंत्री के गृह जिले के प्रारंभिक शिक्षा के स्कूलों की हालत नए सत्र में भी नहीं सुधरी। यहां कुल 716 स्कूलों में 454 शिक्षकों के पद खाली हैं। शिक्षकों के इन खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। सबसे अधिक पद कोटा सिटी में 134 और सबसे कम लाड़पुरा ब्लॉक में 52 शिक्षकों के पद खाली हैं। प्रारंभिक शिक्षा में जिन विषयों के पद खाली हैं उनमें संस्कृत, उर्दू और अंग्रेजी शामिल है। इनके लिए विभागीय स्तर पर भी वैकल्पिक व्यवस्थाएं नहीं हो पा रही है। जबकि पीईईओ और यूसीईईओ अपने स्तर पर इसकी व्यवस्थाएं कर सकते हैं।

### प्रारंभिक शिक्षा के पदों की स्थिति

| ब्लॉक | कुल स्वीकृत | कार्यरत | कुल खाली |
|---|---|---|---|
| इटावा | 691 | 610 | 81 |
| खैराबाद | 713 | 641 | 72 |
| कोटा | 444 | 310 | 134 |
| लाडपुरा | 584 | 532 | 52 |
| सांगोद | 693 | 632 | 61 |
| सुल्तानपुर | 500 | 446 | 54 |
| कुल | 3625 | 3171 | 454 |

**शारीरिक शिक्षकों के मात्र 12 पद हैं खाली:** प्रारंभिक शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षा के स्वीकृत 136 में से मात्र 12 पद ही खाली हैं। जबकि 716 स्कूलों में 163 पद स्वीकृत हैं।

### ग्रेड सेकंड में 50 फीसदी से अधिक पद हैं खाली

प्रारंभिक शिक्षा के स्कूलों में ग्रेड सेकंड वाले कुल स्वीकृत 383 में से 195 शिक्षकों के पद खाली हैं। इनमें सबसे अधिक खाली पद खैराबाद में है। वहीं, ग्रेड तृतीय में एल-2 में कुल स्वीकृत 1273 में से 132 पद खाली है। ग्रेड तृतीय लेवल-1 में कुल स्वीकृत 1806 में से 122 पद खाली हैं।



*विभागीय स्तर पर शैक्षणिक व्यवस्था सुचारू करने के प्रयास हैं। पीईईओ और यूसीईईओ जहां शिक्षकों के पद खाली हैं। वहां नियमानुसार व्यवस्था करते हैं।* **- यतीश कुमार विजयवर्गीय,** डीईओ प्रारंभिक मुख्यालय

*पिछले पांच साल से प्रदेश में शिक्षकों के खाली पदों की स्थिति बनी है। इस मामले को लेकर राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा निदेशक से वार्ता कर नई भर्ती सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर मांग करेंगे।* **-रास बिहारी यादव,** *विभाग संगठन मंत्री, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय*

## आईटीआई में खाली सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 अगस्त से

**कोटा** | आईटीआई में खाली रही सीटों पर 16 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया होगी। गवर्नमेंट आईटीआई उपनिदेशक राजेश गुप्ता ने बताया कि गवर्नमेंट आईटीआई में 10वीं के आधार पर एडमिशन में करीब 20 फीसदी और 8वीं के आधार पर होने वाले एडमिशन की करीब 80 फीसदी सीटें खाली हैं। विद्यार्थी संबंधित संस्थान से खाली स्थानों की सूचना प्राप्त कर सरकार के एकीकृत पोर्टल sso.rajasthan.gov.in या ई -मित्र कियोस्क से आवेदन फॉर्म 16 से 28 अगस्त तक ऑनलाइन कर सकेंगे। आवेदन पत्र का प्रिंट मय योग्यता दस्तावेज में अंकतालिका, प्रमाणपत्र, मूल निवास, जाति प्रमाणपत्र आदि की फोटो कॉपी आईटीआई में 29 अगस्त तक जमा करवा सकते हैं। मेरिट लिस्ट 30 को लगाई जाएगी। मेरिट के आधार पर सभी कैटेगरी वरीयता के अनुसार निर्धारित फीस 31 अगस्त को जमा करवानी है।

### स्वास्थ्य विज्ञान विवि में शैक्षणिक पदों की भर्ती प्रक्रिया निरस्त

**कोटा** | राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर के संघटक आयुर्विज्ञान कॉलेज में विभिन्न शैक्षणिक पदों की भर्ती निरस्त कर दी गई है। इनमें असिस्टेंट प्रोफेसर के 74 पदों सहित अन्य फैकल्टी की भर्ती शामिल है। विवि की बोम मीटिंग में लिए गए निर्णयों की पालना में संबंधित शैक्षणिक पदों की सीधी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किया गया है। इन पदों की भर्ती के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियो के आवेदन शुल्क लौटाने के संबंध में आवश्यक सूचना जल्द ही विवि की वेबसाइट (www.ruhsraj.org) पर अपलोड होगी।

# एनआईटी में पहले सेमेस्टर की कक्षाएं 16 अगस्त से 2 सिंतबर के बीच शुरू होंगी

### ट्रिपल आईटी कोटा में फिजिकल रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि आज

**कोटा** | देश में एनआईटी ट्रिपलआईटी की सीएसएबी काउंसलिंग के अंतिम राउंड के सीट आवंटन के बाद प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं।

आईआईटी में पहला सेमेस्टर शुरू हो चुका है। अब एनआईटी, ट्रिपलआईटी की भी पढ़ाई शुरू होने जा रही है। अधिकतर एनआईटी एवं ट्रिपलआईटी की पहले सेमेस्टर की ऑफलाइन कक्षाएं 16 अगस्त से 2 सितंबर के बीच शुरू होने वाली हैं। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि एनआईटी ने अपनी वेबसाइट पर एडमिशन लिंक दे दिए हैं। जिन पर जाकर स्टूडेंट्स को रजिस्ट्रेशन कर शेष फीस भुगतान करनी होगी। स्टूडेंट्स फिजिकल रिपोर्टिंग कर फाइनल प्रवेश प्रक्रिया ना करने पर आवंटित सीट स्वतः निरस्त कर दी जाएगी। विद्यार्थियों की जोसा एवं सीएसएबी काउंसलिंग के दौरान जमा कराई सीट एक्सेप्टेंस फीस, आंशिक प्रवेश फीस एवं इंस्टीट्यूट एडमिशन फीस आवंटित कॉलेजों की फीस में शामिल कर ली जाएगी। विस्तृत जानकारी वेबसाइट से प्राप्त की जा सकेगी।



ट्रिपल आईटी कोटा में फिजिकल रिपोर्टिंग की प्रक्रिया।

### आवंटित सीट छोड़ने पर नहीं मिलेगा रिफंड

एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया की यदि स्टूडेंट्स दूसरे राउंड के सीट आवंटन में मिली हुई सीट को छोड़ता है तो उसे किसी भी फीस का रिफंड नहीं होगा। ऐसे स्टूडेंट्स, जिन्होंने जोसा में अपनी सीट विड्रॉल या कैंसिल करवाकर सीएसएबी में भाग लिया, अब इन स्टूडेंट्स को यदि किसी भी सीट का आवंटन नहीं हुआ है, तो उन्हें 5000 रूपए शुल्क काटकर शेष फीस लौटा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ऐसे स्टूडेंट्स, जिन्होंने जोसा काउंसलिंग के बाद सीएसएबी के प्रथम राउंड में आवंटित सीट को सरेंडर किया और अब उन्हें किसी भी सीट का आवंटन नहीं हुआ तो इन्हे 10 हजार रूपए शुल्क काटकर शेष फीस लौटा दी जाएगी।

**ट्रिपल आईटी कोटा में आज फिजिकल रिपोर्टिंग की अंतिम तिथिः** रानपुर स्थित ट्रिपल आईटी कोटा में स्टूडेंट्स की फिजिकल रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि बुधवार है। यहां 10 अगस्त से फिजिकल रिपोर्टिंग जारी है। इसमें बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड डेटा इंजीनियरिंग ब्रांच शामिल है।

### पॉलीटेक. कॉलेज में खाली सीटों पर आवेदन आज से

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में खाली सीटों पर बुधवार से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। यहां प्रथम और द्वितीय वर्ष में शेष सीटों पर संस्था स्तर पर सीधे प्रवेश की प्रक्रिया होगी। प्रिंसिपल राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि छात्र-छात्राएं खाली रही सीटों पर प्रवेश लेने का आवेदन बुधवार से दे सकते हैं।

20 से 22 अगस्त तक द्वितीय वर्ष और 22 से 27 अगस्त तक प्रथम वर्ष में प्रवेश होंगे। अधिकाधिक जानकारी के लिए आवेदक डीसीएम रोड स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

दैनिक भास्कर कोटा 14-08-2024

राजस्थान सरकार

# कार्यालय उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / विज्ञप्ति / आईसीडीएस / 2024-25/1787 दिनांक-12-08-2024

govt.email :- ddchittorgarh.wcd@rajasthan.gov.in gmail :- ddicdschittor.256674@gmail.com

## -:: संशोधन विज्ञप्ति सूचना :-

इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या 01/2024 में निम्नानुसार संशोधन किया जाकर संशोधित जाता है जिसमे परियोजना में रिक्त पदों का संख्यात्मक विवरण परियोजना भैसरोड़गढ़ में कार्यकर्ता 05 के स्थान पर 04, बेगू मे कार्यकर्ता 14 के स्थान पर 15, डुंगला में कार्यकर्ता 03 के स्थान पर 02, सहायिका 43 के स्थान पर 45, निम्बाहेड़ा मे कार्यकर्ता 08 के स्थान पर 07 तथा परियोजना निम्बाहेड़ा व बैगू के फोन नं. 9982499076 के स्थान पर 7060017379 पढ़ा जावें एवं बिन्दु संख्या 17 किसी भी परियोजना कार्यालय के रिक्त पदो की जारी विज्ञप्ति को अथवा किसी भी कार्यकर्ता या सहायिका के रिक्त पद की जारी विज्ञप्ति को निरस्त कर बिना कारण बताये विलोपित या निरस्त किया जाने का अधिकार उपनिदेशक को होगा। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.08.2024 के स्थान पर 03.09.2024 की जाती है। उक्त संशोधन के अलावा शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

(नन्दलाल मेघवाल)
उप निदेशक
महिला एवं बाल विकास विभाग चित्तौड़गढ़ (राज.)


मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान

"हरियालो-राजस्थान"




आओं मिलकर एक पेड़ मां के नाम लगायें
अपने राजस्थान को हरा-भरा बनाऐं।

अपने भविष्य का पौधा लगाएं

दैनिक भास्कर जयपुर 14-08-2024

शिक्षा विभाग राजस्थान टेलीग्राम चैनल जॉइन करें

# नौकरी न्यूज़

## आईटीबीपी में 128 वैकेंसी

इंडो तिब्बती बॉर्डर पुलिस फोर्स ने प्राइमरी टीचर के 128 पदों पर 10 सितंबर तक आवेदन मांगे हैं। www.itbpolice.nic.in

## एचएसएससी में 1456 पद

हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन ने प्राइमरी टीचर के 1456 पदों पर आवेदन मांगे हैं। आवेदन 21 अगस्त तक किए जा सकते हैं। देखें https://www.hssc.gov.in/

## आरआरसी में 3317 पोस्ट

रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड ने वेस्ट सेंट्रल रेलवे में 3317 अप्रेंटिस के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन चार सितंबर तक। https://wcr.indianrailways.gov.in/

दैनिक भास्कर
जयपुर 14-08-2024

बैंकिंग • टेक्नोलॉजी के चलते भर्ती पैटर्न में दिख रहा बदलाव

# बैंकों में अब अफसरों की भर्तियां ज्यादा हो रहीं, क्लर्क स्तर पर कम

**नई दिल्ली |** बैंकिंग सेक्टर में काम बढ़ता जा रहा है, लेकिन डिजिटल टेक्नोलॉजी के चलते राष्ट्रीयकृत बैंकों में भर्ती के पैटर्न में बदलाव आ रहा है। आरबीआई का अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कर्मचारियों पर किया गया विश्लेषण बताता है कि कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन यह बढ़ोतरी सिर्फ ऑफिसर कैडर में है। जूनियर (क्लर्क, सहयोगी, सब-स्टाफ) में वित्त वर्ष 2017 से गिरावट आई है। 2017 में देश के वाणिज्यिक बैंकों में 13 लाख कर्मचारी थे। 62% यानी 8 लाख अफसर थे। बाकी 38% कनिष्ठ कर्मचारी थे। इसके बाद से कुल कर्मचारियों में अधिकारियों का अनुपात और वर्ष 2023 तक 74% पहुंच गया, जबकि क्लर्क का अनुपात 26% तक सिमट गया। आरबीआई ने करेंसी और फाइनेंस रिपोर्ट में पिछले दशक में बैंकिंग कर्मचारियों के बदलते अनुपात पर प्रकाश डाला है। वित्त वर्ष 2011 में अधिकारी और सहायक कर्मचारी 50:50 के अनुपात में थे। विश्लेषकों का कहना है कि केवाईसी और डॉक्यूमेंटेशन जैसे काम के लिए टेक्नोलॉजी टूल्स आने से जूनियर स्तर की भर्ती पर असर पड़ा है।

**13 साल में 50% से घटकर 26% रह गया जूनियर स्टाफ**



दैनिक भास्कर
अजमेर 14-08-2024

# युवा-शिक्षा-अवसर

दैनिक भास्कर, अजमेर, बुधवार, 14 अगस्त, 2024


सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 1014 व प्रोग्रामर परीक्षा 352 पदों के लिए होगी

## राजस्थान लोक सेवा आयोग 2820 पदों के लिए अक्टूबर 2025 तक 21 परीक्षाएं लेगा

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग इस माह की 25 तारीख से लेकर अगले साल 12 अक्टूबर 2025 तक कुल 21 परीक्षाएं आयोजित कराएगा। यह परीक्षाएं विभिन्न विभागों में कुल 2820 पदों के लिए ली जाएंगी।

पिछले चार साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो आयोग ने इस दौरान 175 परीक्षाओं का आयोजन किया था। इनमें कुल 37669 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। आने वाली भर्ती परीक्षाओं में सहायक अभियोजन अधिकारी के 181 पदों के लिए प्री और मैन्स परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। पिछले चार साल में सबसे ज्यादा 2023-24 में 19901 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसके बाद 2020-21 में 12193 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। सबसे कम 2022-23 में 1480 अभ्यर्थियों का चयन आयोग द्वारा किया गया। ये सब आंकड़ा भास्कर के एनालिसिस में सामने आया।

### चार साल में 248 परीक्षाएं हुईं

| सत्र | परीक्षाएं | चयन |
|---|---|---|
| 2020-21 | 73 | 12193 |
| 2021-22 | 49 | 4095 |
| 2022-23 | 100 | 1480 |
| 2023-24 | 26 | 19901 |
| कुल | 248 | 37669 |

### 25 अगस्त 2024 से 12 अक्टूबर 2025 तक इन पदों के लिए परीक्षाएं होंगी

| परीक्षा | पद | परीक्षा तिथि |
|---|---|---|
| सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा कृषि | 14 | 25 अगस्त 2024 |
| सहायक आचार्य प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 200 | 8 से 12 सितंबर<br>14 और 15 सितंबर 2024 |
| प्रोग्रामर प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 352 | 27 अक्टूबर 2024 |
| प्राध्यापक-विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 102 | 17 से 21 नवंबर |
| वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 347 | 28 से 31 दिसंबर 2024 |
| सहायक अभियोजन अधिकारी प्री 2024 | 181 | 19 जनवरी 2025 |
| पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड II 2024 | 300 | 16 फरवरी 2025 |
| जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा 2024 | 06 | 23 मार्च 2025 |
| कृषि अधिकारी परीक्षा 2024 | 25 | 24 अप्रैल 2025 |
| शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक पुस्तकालयाध्यक्ष परीक्षा | 40 | 4 मई से 6 मई 2025 |
| सहायक अभियोजन अधिकारी मैन्स | -- | 1 जून 2025 |
| कनिष्ठ रसायनज्ञ प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 01 | 25 जून 2025 |
| सहायक परीक्षण अधिकारी संवीक्षा परीक्षा 2024 | 04 | 26 जून 2025 |
| सहायक निदेशक प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 09 | 27 जून 2025 |
| उपकारागार प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 73 | 13 जुलाई 2025 |
| उपाचार्य/अधीक्षक परीक्षा-2024 | 36 | 30 जुलाई 2025 |
| एनालिस्ट कम प्रोग्रामर उपनिदेशक परीक्षा 2024 | 45 | 17 अगस्त 2025 |
| भूवैज्ञानिक-सहायक खनि अभियंता परीक्षा 2024 | 24 | 21 अगस्त 2025 |
| संरक्षण अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा 2024 | 04 | 7 सितंबर 2025 |
| सहा. अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा | 1014 | 28 सितंबर 2025 |
| सहायक सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा 2024 | 43 | 12 अक्टूबर 2025 |

कल तक फीस जमा कराने वालों को ही मिलेगा प्रवेश

## एमडीएसयू में प्रवेश के लिए हुई काउंसलिंग, उमड़े विद्यार्थी

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

एमडीएस यूनिवर्सिटी में विभिन्न विभागों में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश काउंसलिंग मंगलवार को आयोजित की गई। इस सत्र की यह आखिरी काउंसलिंग है। इसके बाद भी अगर सीटें खाली रह गई तो कुलपति की मंजूरी से ऑफ लाइन प्रवेश प्रक्रिया अपनाई जा सकती है। हालांकि काउंसलिंग को लेकर सभी विभागों में विद्यार्थियों ने मूल दस्तावेजों की जांच कराई। कई विद्यार्थियों ने फीस भी जमा करा दी। प्रवेश के लिए फीस जमा कराने का बुधवार 14 अगस्त को आखिरी दिन है। गौरतलब है कि एमडीएसयू परिसर में संचालित विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन 11 अगस्त तक मांगे गए थे। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार को काउंसलिंग हुई। इस काउंसलिंग में माइक्रोबायोलॉजी, एनवायरमेंटल साइंस, रिमोट सेंसिंग, जूलॉजी, फूड एंड न्यूट्रिशन, एमबीए, जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेशन, कॉमर्स, फार्मेसी, बॉटनी, मैथ्स, केमेस्ट्री सहित अन्य विभागों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक काउंसलिंग की गई।



काउंसलिंग में उपस्थित छात्रा।

### आरपीएससी ने जारी किया सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रतियोगी परीक्षा 2024 का सिलेबस

अजमेर | आरपीएससी ने मंगलवार को सहायक सांख्यिकी अधिकारी (आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2024 का सिलेबस जारी कर दिया है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि 5 अगस्त 2024 को सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। भर्ती परीक्षा के लिए 10 सितंबर 2024 रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आयोग द्वारा परीक्षा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जाएगी।

विस्तृत आवेदन आरपीएससी वेबसाइट से डाउनलोड करें

## एप्लाइड आर्ट: इंटरव्यू के लिए 19 अभ्यर्थी सफल, सूची जारी

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

आरपीएससी ने सहायक आचार्य पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2023 के एप्लाइड आर्ट विषय में इंटरव्यू के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि इस विषय के 19 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए पूरी तरह से अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। इस विषय के प्रश्न पत्र प्रथम और द्वितीय की परीक्षाओं का आयोजन 23 मई 2024 और प्रश्न पत्र तृतीय की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी 2024 को किया गया था। उन्होंने बताया कि इंटरव्यू के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करें। आवेदन पत्र को पूरी तरह से भरकर सभी शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक, जाति और अन्य वांछित प्रमाण पत्रों की फोटो प्रति के साथ 28 अगस्त 2024 शाम 6 बजे तक आयोग कार्यालय भेज दें। चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तों के मुताबिक किए जाने के बाद पात्र अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### शिक्षक भर्ती: 11 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश निरस्त

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने 11 चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए हैं। इन अभ्यर्थियों ने तय तारीख तक पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण नहीं किया था। गौरतलब है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से प्राध्यापक स्कूल शिक्षा भर्ती परीक्षा - 2022 में हिंदी विषय के चयनित अभ्यर्थियों के पदस्थापन आदेश जारी किए गए थे। लेकिन इन 11 चयनित अभ्यर्थियों ने निर्धारित तारीख तक ज्वॉइन ही नहीं किया। इन अभ्यर्थियों के जिस स्थान के लिए नियुक्ति आदेश जारी किए गए थे, वहां से रिपोर्ट मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया और सभी के नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिए गए।

आयोग ने पद बढ़ाने का शुद्धि पत्र जारी किया

## सहायक सांख्यिकी अधिकारी व सहायक आचार्य भर्ती में पद बढ़े

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक सांख्यिकी अधिकारी और सहायक आचार्य संस्कृत शिक्षा विभाग भर्ती 2024 में पद बढ़ने को लेकर शुद्धि पत्र जारी किया।

आरपीएससी ने मंगलवार को वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में यह शुद्धि पत्र जारी किया है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता के मुताबिक सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 10 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन 12 जनवरी 2024 को जारी किया गया था। विभाग द्वारा इन पदों की संख्या बढ़ाने से अब कुल पदों की संख्या 14 हो गई है। उन्होंने बताया कि संस्कृत शिक्षा विभाग में विभिन्न 15 विषयों के लिए सहायक आचार्य के कुल 200 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन 12 जनवरी 2024 को जारी किया गया था। अब तीन विषयों- ऋग्वेद, सामान्य दर्शन और योग विज्ञान का नवीन वर्गवार वर्गीकरण प्राप्त होने से इन विषयों के नवीन वर्गवार वर्गीकरण के संबंध में भी शुद्धि पत्र जारी किया गया है।



### बीएड कॉलेजों में 20 हजार सीटें रिक्त, सैकंड काउंसलिंग 18 से होगी

अजमेर | 942 बीएड कॉलेज में प्रथम काउंसलिंग के बाद भी 20 हजार सीटें रिक्त हैं। इनमें दो वर्षीय बीएड कोर्स की 12 हजार, बीए-बीएड की दो हजार और बीएससी -बीएड की 6 हजार सीटें रिक्त हैं। रिक्त सीटों को भरने के लिए नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने सेकंड काउंसलिंग का शेड्यूल घोषित कर दिया है। नोबल एजेंसी ने रिक्त सीटों को भरने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया फिर से शुरू की है। पीटीईटी परीक्षा में शामिल हुए जो विद्यार्थी बीएड कॉलेजों में दाखिले के लिए पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सके थे उन्हें 18 अगस्त से 19 अगस्त तक फिर मौका दिया गया है।

# एईएन के 1014 पदों पर आवेदन आज से

**कासं/अजमेर।** राजस्थान राज्य अभियांत्रिकी सेवाओं के तहत सहायक अभियंता के1014 पदों के लिए अभ्यर्थी 14 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 12 सितम्बर है। सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 के लिए शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना राजस्थान लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों का चयन प्रतियोगी परीक्षा (प्रारम्भिक एवं मुख्य) एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

# एनालिस्ट कम प्रोग्रामर : आवेदन तिथि आज

**कासं/अजमेर।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग में एनालिस्ट कम प्रोग्रामर के 45 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आवेदन की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (डिप्टी डायरेक्टर) प्रतियोगी परीक्षा 2024 के लिए शैक्षणिक योग्यता, वगर्वार वगीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना राजस्थान लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

# जोधपुर व जोधपुर ग्रामीण जिले की समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में आज अवकाश घोषित

**जोधपुर/नवज्योति।** जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी कर जोधपुर व जोधपुर ग्रामीण जिले की समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में बुधवार को अवकाश घोषित किया है। आदेश के तहत मौसम विभाग अनुसार जिले में वर्षा के संबंध में ऑरेन्ज अलर्ट के मध्यनजर रखते हुए आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 की धारा 30 व 34 के तहत जोधपुर व जोधपुर ग्रामीण जिले की समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में बुधवार, 14 अगस्त को अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिये लागू होगा। शेष स्टॉफ यथावत कार्य करेगा।

## स्टूडेंट्स के अलावा शेष स्टाफ को पहुंचना होगा स्कूल

**महात्मा गांधी स्कूलों में नियुक्ति के लिए** सबसे ज्यादा 9564 आवेदन बाड़मेर से शिक्षकों ने किए, दूसरे नंबर पर जोधपुर रहा

# अंग्रेजी माध्यम के बहाने बाड़मेर छोड़ना चाहते हैं शिक्षक!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सीकर.** प्रदेश की महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में नियुक्ति को हिंदी माध्यम स्कूलों के शिक्षक तबादले की गली मान रहे हैं। इसका अंदाजा इन स्कूलों में नियुक्ति के लिए हुए आवेदनों की संख्या और जिलेवार स्थिति से लगाया जा सकता है।

जिसमें सबसे ज्यादा 9 हजार 564 आवेदन उस बाड़मेर से होना सामने आया है, जहां नियुक्ति को अमूमन सजा माना जाता रहा है। अब जब महात्मा गांधी स्कूल के नाम पर प्रदेश के किसी भी जिलों के लिए आवेदन मांगे गए तो सबसे ज्यादा आवेदन बाड़मेर के शिक्षकों ने किए हैं।



जयपुर स्थित महात्मा गांधी स्कूल। फाइल फोटो

## 25 अगस्त को होगी परीक्षा, 40 अंक जरूरी

**अंग्रेजी** माध्यम स्कूलों में नियुक्ति के लिए शिक्षकों की परीक्षा 25 अगस्त को होगी। हर जिला मुख्यालय पर ये परीक्षा दोपहर एक से 2.40 बजे तक होगी। अंग्रेजी में 100 अंक की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए शिक्षकों को कम से कम 40 अंक लाने होंगे। बाद में काउंसलिंग से उनकी नियुक्ति की जाएगी।

## पद से पांच गुना ज्यादा हुए आवेदन

महात्मा गांधी स्कूलों में नियुक्ति के लिए प्रदेश में इस बार कुल 87 हजार 785 शिक्षकों ने आवेदन किए हैं। जिनमें 1198 प्राचार्य व 86 हजार 587 अन्य शिक्षक शामिल हैं। ये आवेदन प्रदेश की 3737 महात्मा गांधी व 134 स्वामी विवेकानंद स्कूलों के खाली 17500 पदों के मुकाबले पांच गुना से भी ज्यादा हुए हैं। इसके पीछे शिक्षकों की तबादलों की चाह को ही वजह माना जा रहा है।

## इन जिलों में सबसे अधिक आवेदन

**महात्मा** गांधी स्कूलों में नियुक्ति के लिए सबसे अधिक आवेदन बाड़मेर के बाद जोधपुर में 6490 व भीलवाड़ा में 4927 शिक्षकों के हुए हैं। सबसे कम 722 आवेदन प्रतापगढ़ के शिक्षकों ने किया है।

## हिंदी स्कूलों में बढ़ेगी पद रिक्तता

**अंग्रेजी** माध्यम स्कूलों में नियुक्ति की इस प्रक्रिया से सरकारी हिंदी माध्यम स्कूलों की परेशानी बढ़ेगी। पहले से एक लाख से ज्यादा पद खाली चल रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में नियुक्ति से 17 हजार शिक्षकों के पद खाली हो जाएंगे।

ये सही है कि महात्मा गांधी स्कूलों में नियुक्ति को तबादलों की गली माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि आवेदनों की संख्या पदों से पांच गुना से भी ज्यादा हुई है। इस नियुक्ति प्रक्रिया से हिंदी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों का संकट भी बढ़ेगा।

**बसन्त कुमार ज्याणी,** प्रदेश प्रवक्ता, राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ रेसटा

राजस्थान सरकार

# तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर

डब्ल्यू-6, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर - 342001

Web: dte.rajasthan.gov.in, hte.rajasthan.gov.in e-mail: dte_raj@rajasthan.gov.in

क्रमांक: एफ 5 (238) / ई–2 / 2024–25 / दिनांक: 08.08.2024

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष (पार्श्व प्रवेश) में रिक्त रहे स्थानों पर संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश की सूचना

राजस्थान के समस्त सहशिक्षा व महिला पॉलिटेकिनक महाविद्यालयों में सत्र 2024 25 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में पार्श्व प्रवेश पद्धति से द्वितीय वर्ष में प्रवेश की केन्द्रीय प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त रिक्त रहे स्थानों पर **संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश ( Direct Admission )हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त स्थानों, प्रवेश सम्बन्धी आवेदन फार्म, पूर्ण विवरण एवं कार्यक्रम की सूचना विभागीय वेबसाइट (dte.rajasthan.gov.in) पर उपलब्ध है। प्रवेश संबंधित तिथियां निम्नानुसार है:–**

**संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश की तिथियाँ : दिनांक 20.08.2024 से 23.08.2024 तक**

जिन अभ्यर्थियों ने निम्न परीक्षाओं में से कोई एक उत्तीर्ण की हो, आवेदन कर सकेंगे:

(i) 10th+(2 year ITI/Equivalent) passed shall be eligible for admission in second year diploma courses in any branch of Engineering and Technology. अथवा

(ii) 10+2 passed examination with (Physics, Math, Chemistry) or (Physics, Math, # For remaining single Course select any courses mentioned below excluding Courses) or (Physics, Chemistry, # For remaining single Course select any courses mentioned below excluding Courses)

(iii) 12th passed Science Vocational/Technical अथवा

(iv) Diploma Engineering passed

(v) दसवीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जो राष्ट्रीय / राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT/SCVT) से सम्बद्धता प्राप्त दो वर्षीय इंजीनियरिंग व्यवसायों में आई.टी.आई. उत्तीर्ण किया हो या राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र धारक या सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स अथवा समकक्ष उत्तीर्ण किया हो।

# Physics/ Mathematics/ Chemistry/ Computer Science/ Electronics/ Information Technology/ Biology/ Informatics Practices/ Biotechnology/ Technical Vocational subject/ Agriculture/ Engineering Graphics/ Business Studies/ Entrepreneurship

उक्त प्रत्येक कार्य दिवसों पर इच्छुक संस्था में प्रातः 09 बजे से अपराह्न 12 बजे तक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। उसी दिवस प्राप्त आवेदनों की अपराह्न 01:00 बजे मेरिट लिस्ट तैयार की जाकर मेरिट अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा प्रवेश दिये जायेंगे।

प्रवेश के लिए व्यक्तिगत काउंसलिंग हेतु प्रार्थी स्वयं को, सभी आवश्यक मूल (Original) दस्तावेज दसवीं / बाहरवीं उत्तीर्ण / आई.टी.आई की मूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र, राजस्थान का मूल निवास प्रमाण–पत्र एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र, कलर पासपोर्ट साईज फोटो इत्यादि मय शुल्क की प्रथम किश्त (शुल्क सारणी 3 के अनुसार) लेकर संबंधित संस्थान में उपस्थित होवें। शुल्क एवं वांछित मूल दस्तावेज के अभाव में सीट आवंटन किया जाना संभव नहीं हो सकेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

**पार्श्व प्रवेश पद्धति से द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए प्रधानाचार्य एवं संयोजक, ( पार्श्व प्रवेश सत्र 2024–25 ) राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, शिवबाड़ी रोड, सादुल गंज, बीकानेर –334003, फोन नं. 0151–2970273, 0151–2542064 ईमेल : dte.Lateral@rajasthan.gov.in पर सम्पर्क करे। प्रवेश की नवीनतम जानकारी टेलीग्राम चैनल: https://telegram.me/ dteLateral पर भी देख सकते हैं।**

**DIPR/C/7310/2024** **निदेशक, तकनीकी शिक्षा**

---

राजस्थान सरकार

# तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर

डब्ल्यू-6, रेजीडेन्सी रोड़, जोधपुर- 342001

web: dte.rajasthan.gov.in, hte.rajasthan.gov.in e-mail: dte_raj@rajasthan.gov.in

क्रमांक: एफ 5 (1-बी)/ ई-2/2024-25 / दिनांक: 08.08.2024

## डिप्लोमा प्रथम वर्ष (इंजीनियरिंग) एव डिप्लोमा प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग) मे रिक्त रहे स्थानों पर संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश की सूचना

प्रवेश सत्र 2024-25 के लिये राजस्थान के समस्त पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में केन्द्रीय प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त रिक्त रहे स्थानों पर संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश (Direct Admission) हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त स्थानों, प्रवेश सम्बन्धी आवेदन फार्म, पूर्ण विवरण एवं कार्यक्रम की सूचना विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश संबंधित तिथियां निम्नानुसार है :-

| | प्रथम वर्ष (इंजीनियरिंग) | प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग) |
|---|---|---|
| संस्थान स्तर पर सीधे प्रवेश की तिथियां | 22.08.2024 से 27.08.2024 | 22.08.2024 से 27.08.2024 तक |

प्रत्येक उक्त कार्य दिवसों पर अपराह्न 12:00 बजे तक आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जा सकेंगे। उसी दिवस प्राप्त आवेदनों की अपराह्न 01:00 बजे मेरिट लिस्ट तैयार की जाकर मेरिट अनुसार व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा प्रवेश दिये जायेंगे।

प्रवेश के लिए व्यक्तिगत काउसलिंग हेतु प्रार्थी स्वयं को, सभी आवश्यक मूल (Original) दस्तावेज दसवीं /बाहरवीं उत्तीर्ण की मूल अंक तालिका, राजस्थान का मूल निवास प्रमाण-पत्र एवं आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जाति प्रमाण-पत्र इत्यादि मय शुल्क की प्रथम किश्त (शुल्क सारणी के अनुसार) लेकर संबंधित संस्थान में उपस्थित होवे। शुल्क एवं वांछित मूल दस्तावेज के अभाव में सीट आवंटन किया जाना संभव नहीं हो सकेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

प्रथम वर्ष इंजीनियरिंग हेतु संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर (0291-2649439, 2949424) ई-मेल **gpc.jodhpur2024@gmail.com** एवं प्रथम वर्ष (नॉन इंजीनियरिंग) हेतु संयोजक एवं प्रधानाचार्य, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, गांधीनगर, जयपुर (0141-2706688, 8619637821) ई मेल: **mahila.admission@gmail.com** एवं **gwpc.jaipur@rajasthan.gov.in** पर सम्पर्क करें।

**DIPR/C/7304/2024** **निदेशक, तकनीकी शिक्षा**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

# चिकित्सकों के पद के लिए बम्पर भर्तियां, आवेदन करें

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए चिकित्सकों की 1085 भर्तियां निकाली हैं। इनमें मेडिकल विशेषज्ञ के 239 पद, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ के 38 पद, स्त्री रोग विशेषज्ञ के 207 पद, शिशु रोग विशेषज्ञ के 159 पद, सर्जरी विशेषज्ञ के 267 पद, एनेस्थिसिया विशेषज्ञ के 175 पद शामिल हैं। उम्मीदवार के पास संबंधित विषय में डिग्री या डिप्लोमा होना अनिवार्य है। आयु सीमा 21 से 45 साल निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए एमपीपीएससी की इस ऑफिशियल वेबसाइट mppsc.mp.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

## ऐसे करें आवेदन

**इस** वेबसाइट mppsc.mp.gov.in पर जाकर 'ऑनलाइन आवेदन करें' लिंक पर क्लिक करें। यहां एक अकाउंट बनाएं। इसके बाद आवेदन फॉर्म भरें। आवश्यक डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। निर्धारित फीस का भुगतान करें। अब फॉर्म सबमिट कर दें। भरे गए आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट लेकर जरूर रखें।

## अंतिम तिथि

**इच्छुक** कैंडिडेट्स के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर 2024 है। 16 अगस्त 2024 से 14 सितंबर 2024 के बीच आवेदन पत्र में सुधार किया जा सकता है।

# जेरोन्टोलॉजिस्ट बनकर आप कर सकते हैं वृद्धजनों की सेवा

जेरोन्टोलॉजी एक ऐसी साइंस है जो बुढ़ापे में किसी व्यक्ति के सामने आने वाली हर समस्या से निपटना सिखाती है। इसमें उम्र के साथ होने वाले सामाजिक, मानसिक, शारीरिक और जैविक परिवर्तनों का अध्ययन किया जाता है। इस तरह जेरोन्टोलॉजिस्ट बनकर आप बुजुर्गों की मदद कर सकते हैं।



## टॉप शिक्षण संस्थान

- गृह अर्थशास्त्र संस्थान, दिल्ली यूनिवर्सिटी
- भारतीय परामर्श संस्थान, नई दिल्ली
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान, नई दिल्ली
- रामनारायण रुइया कॉलेज, मुंबई

## स्कोप

- प्रोफेसर
- रिसर्चर
- परामर्शदाता
- नर्सिंग देखभाल
- सरकारी एजेंसियों एवं गैर-सरकारी संगठन में कार्य
- आश्रय गृह या अन्य राहत सेवाएं
- आहार विशेषज्ञ

## पात्रता

10+2 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो। किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से मनोविज्ञान, नर्सिंग या समाजशास्त्र जैसे प्रासंगिक क्षेत्र में कम से कम 55 प्रतिशत से ग्रेजुएशन होना चाहिए।

## आवश्यक गुण

- करुणा और सहानुभूति
- कम्युनिकेशन स्किल
- समस्या समाधान स्किल
- सहनशीलता
- धैर्यवान
- शांत स्वभाव
- चीजों को व्यवस्थित रखने की आदत
- तुरंत निर्णय लेने की क्षमता

# स्किल्स को पहचान कर करें कॅरियर का चुनाव




कॅरियर चुनने से पहले अपनी स्किल्स को पहचानना बहुत जरूरी है। इससे सही दिशा में आगे बढ़ने और सक्सेस पाने में मदद मिलती है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी लोगों से मिलें। इससे आप पता लगा पाएंगे कि किस क्षेत्र के लिए कौन सी स्किल्स चाहिए। ऐसे ही कुछ टिप्स यहां हम आपके लिए लाए हैं, **आइए जानें...**

- एक बार सोचें कि स्कूल या कॉलेज में किन विषयों में आपकी रुचि थी, आप किन गतिविधियों में बेहतर थे।
- रुचियों जैसे कंप्यूटर्स, प्रोग्रामिंग अथवा व्यक्तिगत गुण कम्युनिकेशन, धैर्य, दृढ़ संकल्प आदि के आधार पर भी आप अपने कॅरियर का चुनाव कर सकते हैं।
- इंटर्नशिप, वॉलंटियरिंग अथवा पार्ट-टाइम जॉब्स के माध्यम से स्किल्स का पता लगा सकते हैं।
- ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न स्किल टेस्ट और असेसमेंट टूल्स का उपयोग करके एनालिसिस कर सकते हैं।



**डॉ.अनिल मेहता,**
प्रोफेसर प्रबंधन, विधि विभाग, वनस्थली विद्यापीठ

- एक अच्छा मेंटर चुनें, जो आपके कॅरियर में आपकी स्किल्स को सही दिशा में उपयोग करने में मदद कर सके।
- विभिन्न क्षेत्रों में छोटे-मोटे प्रोजेक्ट्स पर काम करके अपनी स्किल्स को परखें। इससे आप किस क्षेत्र में सबसे अधिक सक्षम हैं, यह पता लगा पाएंगे।

## एग्जाम गाइड

**1. अशोक के शिलालेख मध्यप्रदेश के किस जिले से मिले हैं?**
(अ) मुरैना (ब) ग्वालियर (स) शिवपुरी (द) दतिया

**2. मानव बलि प्रथा निषेध करने के कारण अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह करने वाली जनजाति है-**
(अ) कूकी (ब) खोंड (स) उरांव (द) नाइकदा

**3. आगरा नगर की स्थापना निम्न में से किसने की थी?**
(अ) अकबर (ब) सिकन्दर लोदी
(स) इब्राहिम लोदी (द) बहलोल लोदी

**4. माइकोलॉजी में किसका अध्ययन किया जाता है?**
(अ) कवक (ब) जीवाणु
(स) राइजोबियम (द) इनमें से कोई भी नहीं

**5. निम्नलिखित शासनों में से किसके समय में अन्तरराज्य परिषद् (आइ. एस. सी.) की स्थापना हुई?**
(अ) 1975 की कांग्रेस सरकार
(ब) 1978 की जनता सरकार
(स) 1990 की जनता दल के नेतृत्व की सरकार
(द) 1996 की संयुक्त मोर्चा सरकार

**उत्तरमाला** 1.द 2.ब 3.ब 4.अ 5.स

# वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे में भर्ती

दैनिक भास्कर

## पद : 3317

### जरूरी तारीखें

| आवेदन की शुरुआती तारीख | आवेदन की आखिरी तारीख |
|---|---|
| **5 अगस्त 2024** | **4 सितंबर 2024** |

## क्वालिफिकेशन

10वीं, 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा पास की हो।

NCVT/ SCVT द्वारा अधिसूचित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो।

| **आयु सीमा** | **सैलरी:** 13,700- 16,900 रुपए प्रतिमाह। |
|---|---|
| 15 - 24 साल | |

### सिलेक्शन प्रोसेस

मेरिट बेसिस पर।

**आवेदन लिंक : wcr.indianrailways.gov.in**

# HPSC भर्ती

**पद : 2424**

**जरूरी तारीखें**

| आवेदन की शुरुआती तारीख | आवेदन की आखिरी तारीख |
|---|---|
| **7 अगस्त 2024** | **27 अगस्त 2024** |

## क्वालिफिकेशन

55% अंकों के साथ पीजी डिग्री।

10वीं तक हिंदी/ संस्कृत की पढ़ाई की हो।

UGC NET/ SLET/ SET पास।

**आयु सीमा**
21 - 42 वर्ष

**सैलरी:** 57,700 - 1,82,400 रुपए प्रतिमाह।

**सिलेक्शन प्रोसेस**

स्क्रीनिंग टेस्ट, सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट, इंटरव्यू

**आवेदन लिंक : hpsc.gov.in**

# RPSC में भर्ती

शिक्षा विभाग राजस्थान टेलीग्राम चैनल जॉइन करें

## पद : 1057

### जरूरी तारीखें

| आवेदन की शुरुआती तारीख | आवेदन की आखिरी तारीख |
|---|---|
| **14 अगस्त 2024** | **10 सितंबर 2024** |

## क्वालिफिकेशन

पदों से सम्बन्धित ब्रांच में बीई/बीटेक की डिग्री।
मैथ्स या स्टेटिक्स या कॉमर्स में मास्टर्स डिग्री।

**आयु सीमा**
21 - 40 साल

**सैलरी:** पे मैट्रिक्स लेवल 1 से 11 के अनुसार।

### सिलेक्शन प्रोसेस

प्री, मेंस और इंटरव्यू

**आवेदन लिंक : rpsc.rajasthan.gov.in**

दैनिक भास्कर

# रेलवे में भर्ती

शिक्षा विभाग टेलीग्राम चैनल जॉइन करें

## पद : 1376

**जरूरी तारीखें**

| आवेदन की शुरुआती तारीख | आवेदन की आखिरी तारीख |
|---|---|
| **17 अगस्त 2024** | **16 सितंबर 2024** |

## क्वालिफिकेशन

ग्रेजुएशन की डिग्री।

**आयु सीमा**
18 - 43 साल

**सैलरी:** पद के अनुसार 19,900-44,900 रुपए प्रतिमाह।

**सिलेक्शन प्रोसेस**

सीबीटी परीक्षा, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मेडिकल टेस्ट

**आवेदन लिंक :www.rrbapply.gov.in**